दिन– मंगलवार                                                                 दिनांक– 22 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                  अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत में उपभोग और निवेश मांगों में लगातार प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे विकस की रफ्तार बरकरार है। श्री दास ने कहा कि वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद दर सात दशमलव दो प्रतिशत रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि परिदृश्य और ग्रामीण मांग के आधार पर निजी उपभोग की संभावना भी सकारात्मक बनी हुयी है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि सेवाओं में सतत उछाल शहरी मांग को भी समर्थन देगा।

————————————————————————

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि बिहार समेत देश के पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और ये आर्थिक प्रगति की गाड़ी का इंजन बन सकता है। पटना के ज्ञान भवन में दो दिवसीय ट्रेवल और टूरिज्म फेयर का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उद्‌घाटन करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के विकास से रोजगार सीधे तौर पर जुड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में विविधताएं हैं उसे देखते हुए यह देश की पर्यटन की राजधानी बन सकता है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार पर्यटन को विकसित करने के लिए कई प्रकार की सहूलियत दे रही है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से पर्यटन के नये केंद्रों को विकसित करने के लिए हाल में शुरु की गयी मेरा प्रखंड, मेरा गौरव का भी उल्लेख किया। दो दिवसीय इस मेले में सत्रह राज्यों के अलावा नेपाल और भूटान से एक सौ पचास से अधिक विभाग, टूर ऑपरेटर, पर्यटन समूह हिस्सा ले रहे हैं।

————————————————————————

कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार कृषि और किसानों के विकास के लिए हर संभव कार्य कर रही है। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री पांडेय ने उनतालीस किसानों और समूहों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़े इसके लिए उन्हें सभी संसाधन

रियाती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री पांडेय ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में कृषि क्षेत्र में एक सौ छियासी करोड़ रुपये का अनुदान देने का लक्ष्य रखा गया है।

———————————————————————

राज्य की चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में तेरह नवम्बर को होने वाले उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य जारी है। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक इन चारों सीटों पर छह नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। आज तरारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विशाल प्रशांत उर्फ सुशील पांडेय ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

———————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि उनकी पार्टी अट्ठाईस नवम्बर को पटना के गांधी मैदान में चुनावी शंखनाद करेगी। श्री पासवान ने पटना में पार्टी कीक प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक में अट्ठाईस नवम्बर को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में एक बड़ी रैली करने के प्रस्ताव को पारित किया गया है। श्री पासवान ने कहा कि रैली के बाद उनकी पार्टी पूरी तरह चुनावी मोड में आ जाएगी।

———————————————————————

भाकपा माले ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार बेरोजगारी के मोर्चे पर युवाओं के साथ धोखा कर रही है। पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने आज बदलों बिहार न्याय यात्रा के दौरान समस्तीपुर में कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी के कारण युवा और मजदूर अन्य प्रदेशों में पलायन के लिए विवश हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन के लिए किये जा रहे कार्य केवल दिखावा है और युवाओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के गांदरबल में आतंकी हमले में मारे गये बिहार के तीनों श्रमिकों का शव आज पटना पहुंचा। प्रशासन ने शवों को मधेपुरा और वैशाली स्थित उनके पैतृक गांव तक पहुंचा दिया है। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। आतंकियों ने

अंधाधुंध गोलीबारी कर मधेपुरा जिले के हनुमान नगर चकला गांव के मोहम्मद कलीम और रामपुर लाही के मोहम्मद हनीफ, जबकि वैशाली जिले के अकबरपुरा गांव के फहीम नसीर की हत्या कर दी थी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।